प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- भाजपा ने मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर राज्यव्यापी कार्यक्रमों की श्रृंखला की घोषणा की, पार्टी नेताओं ने केंद्र की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का किया वादा।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार जमशेदपुर के अरका जैन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल, कहा – विद्यार्थी अर्जित ज्ञान का उपयोग कर बनें राष्ट्र निर्माण के सहभागी।
- कोरोना के संभावित खतरे को देखते हुये पश्चिमी सिंहभूम मे प्रशासन अलर्ट मोड पर, सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आइसोलेशन कक्ष बनाने का निर्देश।
- बोकारो पुलिस को साइबर अपराध के खिलाफ मिली सफलता, मध्य प्रदेश से तीन साइबर ठगों को किया गिरफ्तार, 14 लाख नकद, 16 एटीएम कार्ड समेत ठगी के कई सामान बरामद।
- आईपीएल टी 20 क्रिकेट में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच होगा खिताबी मुकाबला ।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों को दर्शाते हुए प्रदेश भाजपा ने जून माह में राज्यव्यापी कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाने की घोषणा की है। इसके तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मराण्डी ने आज रांची में आयोजित विकसित भारत का अमृतकालः सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल विषयक कार्यशाला को संबोधित किया जिस मे उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार सुशासन, सेवा और समर्पण के सिद्धांतों के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ रही है।

सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि पार्टी केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम करेगी। उन्होंने राज्य सरकार पर आदिवासी हितों की अनदेखी, भ्रष्टाचार और बालू माफिया को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज जमशेदपुर के अरका जैन विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में शामिल होकर उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दीक्षांत केवल शैक्षणिक यात्रा का अंत नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्वों की शुरुआत है। उन्होंने 'विकसित भारत', 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसे अभियानों में युवाओं की भागीदारी पर बल दिया।

*******************

शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस विनय कुमार चौबे, गजेंद्र सिंह समेत पांच आरोपितों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एसीबी कोर्ट में हुई, जहां उनकी न्यायिक हिरासत 9 जून तक बढ़ा दी गई। कोर्ट ने विनय चौबे को रिम्स में वकील से मिलने की अनुमति भी प्रदान की। एसीबी ने इन्हें दो दिन की रिमांड पूरी होने के बाद कोर्ट में पेश किया था, जिसके बाद जेल भेजा गया। गौरतलब है कि 38 करोड़ रुपये के इस घोटाले में अब तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

*******************

कोरोना के संभावित खतरे को देखते हुए पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सिविल सर्जन डॉक्टर सुशांत माझी ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आइसोलेशन कक्ष तैयार करने और कोविड जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही संदिग्धों की जांच कर उचित इलाज करने का निर्देश दिया गया है।

*******************

राहुल गांधी ने उनके खिलाफ चाईबासा कोर्ट द्वारा जारी गैर–जमानती वारंट को झारखंड हाई कोर्ट में चुनौती दी है। यह वारंट केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ 2018 में दिए गए बयान को लेकर दर्ज मानहानि मामले में जारी हुआ है। श्री गांधी ने याचिका में कहा है कि कोर्ट में पेशी से छूट की उनकी अर्जी अभी हाई कोर्ट में लंबित है, इसके बावजूद अधीनस्थ अदालत ने पेश होने का आदेश दे दिया। चाईबासा की एमपी–एमएलए अदालत ने उन्हें 26 जून को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

*******************

बोकारो पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए मध्य प्रदेश से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो एक फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर ठगी को अंजाम दे रहे थे। इनसे 14 लाख से अधिक नकद, पैसा गिनने की मशीन, तीन मोबाइल फोन, 16 एटीएम कार्ड और फर्जी डेली हाजिरी रजिस्टर बरामद किया गया है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि इन अपराधियों ने एक बोकारो निवासी से स्टॉक ट्रेडिंग में मुनाफा दिलाने के नाम पर 14 लाख रुपये की ठगी की थी।

*******************

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कोडरमा प्रखंड के चाराडीह और चंदवारा प्रखंड में शिविर आयोजित कर किसानों को अभियान के बारे में जागृत किया गया। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

संक्षिप्त खबरें–

- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कई जिलों के वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने आज रांची में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान आईजी, डीआईजी और एसपी स्तर के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से सुरक्षा और प्रशासनिक विषयों पर चर्चा की।
- झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक कल दोपहर बाद 4 बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने इसकी जानकारी दी है।

*******************

आईपीएल टी 20 क्रिकेट में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच खिताबी मुकाबला होगा। दोनों टीम अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने के लिए मैदान पर उतरेंगी। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

******समाप्त*******